# PAPER-II
# BUDDHIST, JAINA, GANDHIAN AND PEACE STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**D 6 0 1 2**

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

**BUDDHIST, JAINA, GANDHIAN AND PEACE STUDIES**
**Paper – II**

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Siddhāratna was born at
(A) Lumbinī
(B) Kapilavatthu
(C) Sāvatthī
(D) Kusīnārā

**2.** The Sattasatikā Saṁgīti was held at
(A) Pāvā
(B) Kusīnārā
(C) Nālandā
(D) Vesālī

**3.** The type of Buddhism which was introduced to Tibet is known as
(A) Theravāda
(B) Mahāsāṁghika
(C) Hīnayāna
(D) Mahāyāna

**4.** According to the Sri Lankan tradition, the number of texts which form the Khuddaka Nikāya, is
(A) 14 (fourteen)
(B) 15 (fifteen)
(C) 16 (sixteen)
(D) 17 (seventeen)

**5.** The epithet 'Father of Buddhist Logic' is ascribed to
(A) Buddhaghosa
(B) Anuruddhācariya
(C) Dignāga
(D) Dharmakirti

**6.** In the practice of the Aṣṭaṁgika Mārga, Samadhi occupies the place
(A) Initial
(B) Pre-middle
(C) Post-middle
(D) Final

**7.** Name the contemporary Buddhist leader who considered the four Ārya Satya-s as interpolated
(A) Anāgārika Dharmapala
(B) B.R. Ambedkar
(C) Rahul Sankrityāyan
(D) Dalai Lama

**8.** The Ārya Aṣṭangika Mārga is the constituent of any one of the four Ārya Satya-s. Name it
(A) The First
(B) The Second
(C) The Third
(D) The Fourth

**9.** The doctrine which is considered as the 'Heart of Buddhism' is known as
(A) Śūnyavāda
(B) Vijñānavāda
(C) Anātmavāda
(D) Pratītyasamutpāda

**10.** The Paramattha which is considered Asankhata (Asaṅskṛta), is known as
(A) Citta
(B) Cetasika
(C) Rūpa
(D) Nibbāna (Nirvāṇa)

**11.** Dharmacakra is engraved in earliest Buddhist architecture at
(A) Sāranātha
(B) Bodhgayā
(C) Ajanta
(D) Bharahuta

# बौद्ध, जैन, गाँधीवादी एवं शान्ति अध्ययन

**प्रश्नपत्र – II**

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** सिद्धार्थ जिस स्थान पर पैदा हुये थे, उसका नाम था –
(A) लुम्बिनी
(B) कपिलवत्थु
(C) सावत्थी
(D) कुसीनारा

**2.** सत्त – सतिका संगीति जिस स्थान पर संपन्न हुई थी, उसका नाम था –
(A) पावा
(B) कुसीनारा
(C) नालन्दा
(D) वेसाली

**3.** तिब्बत में जिस प्रकार के बौद्ध-धर्म का प्रवेश हुआ, उसका नाम है –
(A) थेरवाद
(B) महासांघिक
(C) हीनयान
(D) महायान

**4.** श्रीलंकाई परंपरा के अनुसार, खुद्दक निकाय में जितने ग्रन्थ सम्मिलित किये गये हैं, उनकी संख्या है –
(A) 14 (चौदह) (B) 15 (पन्द्रह)
(C) 16 (सोलह) (D) 17 (सत्रह)

**5.** 'बौद्ध न्याय का जनक' की उपाधि जिसके नाम के साथ जोड़ी जाती है, वे हैं –
(A) बुद्धघोस
(B) अनुरुद्धाचरिय
(C) दिग्नाग
(D) धर्मकीर्ति

**6.** अष्टांगिक - मार्ग की चर्या में, समाधि का स्थान है –
(A) प्रारंभिक (B) मध्यपूर्व
(C) मध्य-पश्च (D) अन्तिम

**7.** उस आधुनिक बौद्ध नेता का नाम बताएँ जो चार आर्य-सत्यों को प्रक्षिप्त मानता था –
(A) अनागारिक धर्मपाल
(B) भीमराव रामजी आम्बेडकर
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) दलाई लामा

**8.** आर्य अष्टांगिक मार्ग चार आर्य-सत्यों में से किसी एक का अंग है । उसका नाम बतायें –
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

**9.** जिस सिद्धान्त को बौद्ध धर्म-दर्शन का हृदय कहा जाता है, उसका नाम है –
(A) शून्यवाद
(B) विज्ञानवाद
(C) अनात्मवाद
(D) प्रतीत्यसमुत्पाद

**10.** परमत्थों में से जिस परमत्थ को असंखत (असंस्कृत) कहा जाता है, उसका नाम है –
(A) चित्त
(B) चेतसिक
(C) रूप
(D) निब्बान (निर्वाण)

**11.** प्राचीनतम बौद्ध-स्थापत्यकला में धर्मचक्र का उत्कीर्णन यहाँ हुआ है :-
(A) सारनाथ
(B) बोधगया
(C) अजन्ता
(D) भरहुत

12. According to a Buddhist tradition the Buddha image of Gośīrṣacandana at Jetavana was prepared by
(A) Aśoka
(B) Kaniṣka
(C) Prasenajita
(D) Menandar

13. Mahāprajāpati-Gotamī got entry into Saṅgha at the request of
(A) Upāli
(B) Ajātasattu
(C) Ānanda
(D) Devadatta

14. Buddhist Tantric tradition got an impact of
(A) Jainism
(B) Śaivaśākta
(C) Sri Lankan
(D) Burmese

15. Gāndhāra-kalā is a combination of
(A) Yavana art and Buddhist art
(B) Islama art and Buddhist art
(C) Jaina art and Buddhist art
(D) Christian art and Buddhist art

16. The birth place of Lord Rishabh Deva is
(A) Hastināpura
(B) Pāwāpurī
(C) Ayodhyā
(D) Vaiśhālī

17. The preachings of Lord Parshwanātha are named as
(A) Pañch-yāma
(B) Chaturyāma
(C) Tri-yāma
(D) Dwi-yāma

18. The last Vāchanā of Ardhamagadhi-Āgamas was held at
(A) Vaiśhālī
(B) Vārāṇasī
(C) Rājagrahī
(D) Vallabhī

19. The first Āgama of Ardhamāgadhī is named as
(A) Suyagadanga – Sutta
(B) Uttrajjhayaṇa – Sutta
(C) Pavayaṇasāro
(D) Āyāraṅga – Sutta

20. Samayasāra-Pāhuda was authored by
(A) Kunda Kunda
(B) Samantabhadra
(C) Shivārya
(D) Vaṭṭakera

21. The language of Samarāiccha Kahā is
(A) Apabhramsha
(B) Shaursenī Prākrit
(C) Mahārostri Prakrit
(D) Māgadhī Prakrit

12. एक बौद्ध परम्परा के अनुसार तथागत बुद्ध की गोशीर्षचन्दन की प्रतिमा जेतवन-विहार में इसने तैयार कराई थी –

(A) अशोक

(B) कनिष्क

(C) प्रसेनजित

(D) मेनान्डर

13. महाप्रजापति गोतमी का संघ-प्रवेश इनकी प्रार्थना पर संभव हो सका –

(A) उपालि

(B) अजातसत्तु

(C) आनन्द

(D) देवदत्त

14. बौद्ध तान्त्रिक-परम्परा पर इसका प्रभाव स्पष्टतः दिखाई देता है :-

(A) जैन-परम्परा

(B) शैवशाक्त-परम्परा

(C) श्रीलंका-परम्परा

(D) बर्मी-परम्परा

15. गान्धार-कला इन कलाओं का समन्वित रूप है –

(A) यवन-कला एवं बौद्ध कला

(B) इस्लाम कला एवं बौद्ध कला

(C) जैन-कला एवं बौद्ध कला

(D) क्रिश्चियन-कला एवं बौद्ध कला

16. भ. ऋषभदेव की जन्मभूमि है :-

(A) हस्तिनापुर

(B) पावापुरी

(C) अयोध्या

(D) वैशाली

17. भ. पार्श्वनाथ के उपदेशों का नाम है :-

(A) पञ्च-याम

(B) चातुर्याम

(C) त्रि-याम

(D) द्वि-याम

18. अर्धमागधी-आगमों की अन्तिम वाचना यहाँ की गई थी :-

(A) वैशाली

(B) वाराणसी

(C) राजगृही

(D) वल्लभी

19. प्रथम अर्धमागधी-आगम का नाम है :-

(A) सुयगडंग-सुत्त

(B) उत्तरज्झयण-सुत्त

(C) पवयणसारो

(D) आयारंग-सुत्त

20. समयसार-पाहुड के ग्रन्थकार हैं :-

(A) कुन्दकुन्द

(B) समन्तभद्र

(C) शिवार्य

(D) वट्टकेर

21. समराइच्चकहा की भाषा यह है :-

(A) अपभ्रंश

(B) शौरसेनी-प्राकृत

(C) महाराष्ट्री-प्राकृत

(D) मागधी-प्राकृत

**22.** The description of Ratnatraya is found mainly in

(A) Bhagawati Ārādhanā

(B) Samayasāra

(C) Uvāsaga Dasāo

(D) Tatwārthsūtra

**23.** The five Aṇuvratas are compulsory for

(A) Monks

(B) Srāvakas

(C) Paṇḍitas

(D) Nuns

**24.** Regular-changing is the chief characteristic of this substance

(A) Space-substance

(B) Adharma-substance

(C) Dharma-substance

(D) Kāla-substance

**25.** The Saptabhaṅgī is the other name of

(A) Seven Fundamentals

(B) Anekantvāda

(C) Syādvāda

(D) Sapta-Vyasana

**26.** The image of Jivanta-Swāmī is mentioned in the

(A) Vasudeva Hiṇḍi

(B) Triṣaṣṭiśalakā Mahā-Puruṣa Caritra

(C) Abhidhāna-Cintāmaṇi

(D) Tiloya-Paṇṇatti

**27.** Ajanta is a famous place for

(A) Paṭacitra

(B) Kargada-citra

(C) Bhitticitra

(D) Kaṣṭhacitra

**28.** Śriśaila is situated near

(A) Nāsika

(B) Sānchī

(C) Nagod

(D) Nāgārjunakoṇḍā

**29.** Better position of women in Jainism may be understood through the instance of

(A) Candanabālā

(B) Mṛgāvati

(C) Bhadrā

(D) Rohiṇī

**30.** Vegetarianism in Jainism is a symbol of

(A) Ecological consciousness

(B) Spiritual consciousness

(C) Moral consciousness

(D) Political consciousness

**31.** What was Gandhiji's nickname in childhood ?

(A) Moniya

(B) Sonu

(C) Gonu

(D) Romu

22. रत्नत्रय का वर्णन मुख्यरूप से इस ग्रन्थ में है :-

(A) भगवती आराधना

(B) समयसारो

(C) उवासगदसाओ

(D) तत्त्वार्थसूत्र

23. इनके लिये पाँच-अणुव्रतों का पालन आवश्यक है :

(A) मुनियों के लिये

(B) श्रावकों के लिये

(C) पण्डितों के लिये

(D) साध्वियों के लिये

24. वस्तु-पर्याय परिवर्तन में सहायता देना इस द्रव्य का प्रमुख लक्षण है :-

(A) आकाश द्रव्य

(B) अधर्म-द्रव्य

(C) धर्म-द्रव्य

(D) काल-द्रव्य

25. सप्तभंगी का दूसरा नाम यह है :-

(A) सप्त-तत्त्व

(B) अनेकान्तवाद

(C) स्याद्वाद

(D) सप्त-व्यसन

26. जीवन्त-स्वामी की मूर्ति का उल्लेख इसमें मिलता है –

(A) वसुदेव हिण्डी

(B) त्रिषष्टिशलाका महापुरुषचरित्र

(C) अभिधान चिन्तामणि

(D) तिलोय-पण्णत्ति

27. अजन्ता इसके लिए प्रसिद्ध स्थान है –

(A) पटचित्र

(B) कर्गदचित्र

(C) भित्तिचित्र

(D) काष्ठचित्र

28. श्रीशैल इसके आसपास अवस्थित है –

(A) नासिक

(B) साँची

(C) नागोद

(D) नागार्जुन कॉण्डा

29. जैनधर्म में नारी की अपेक्षाकृत उत्तम स्थिति इसके उदाहरण से समझी जा सकती है –

(A) चन्दनबाला

(B) मृगावती

(C) भद्रा

(D) रोहिणी

30. जैनधर्म में शाकाहार इसका प्रतीक है –

(A) पर्यावरणीय चेतना

(B) अध्यात्मिक चेतना

(C) नैतिक चेतना

(D) राजनीतिक चेतना

31. बचपन में गान्धीजी का उपनाम क्या था ?

(A) मोनिया

(B) सोनू

(C) गोनू

(D) रोमू

**32.** Name the youngest son of Gandhiji

(A) Harilal (B) Ramdas

(C) Manilal (D) Devdas

**33.** How did Gandhiji settle the case between Abdullah and Seth Taiyabji Seth ?

(A) The dicision was in favour of Seth Abdullah Seth

(B) The dicision was in favour of Seth Taiyabji

(C) An Agreement between the parties

(D) One year imprisonment to both of them

**34.** When was Ashram in Kocharab established by Gandhiji ?

(A) 1914 (B) 1915

(C) 1916 (D) 1917

**35.** In 1920 at A.I.C.C. Session in Nagpur who addressed Mahatma Gandhi as Mr. Gandhi and was shouted down by the audience ?

(A) M.A. Jinnah

(B) S.C. Bose

(C) Jawaharlal Nehru

(D) J.B. Kripalani

**36.** Who presided over the Disorders Inquiry Committee at Ahmedabad on 9, January 1920 ?

(A) Lord Hunter

(B) Lord Irwin

(C) Lord Curzon

(D) Sir Chimanlal

**37.** Who did not accompany Gandhiji to attend the Second Round Table Conference in London ?

(A) Sarojini Naidu

(B) Mira Behn

(C) Mahadev Desai

(D) Sardar Patel

**38.** Whose name was originally proposed to contest the election of President of Indian National Congress against Subhas Chandra Bose in 1939 ?

(A) Maulana Azad

(B) Pattabhi Sitarammayya

(C) Jawaharlal Nehru

(D) Sardar Patel

**39.** Who referred to Gandhiji as 'One Man Army' during the partition period ?

(A) Lord Mountbatten

(B) Lord Wavell

(C) Lord Wellington

(D) Ramsay McDonald

**40.** Gandhiji was very much fascinated by a book, which he translated into Gujarati and entitled as Sarvodaya

(A) Unto This Last

(B) Kingdom of God is Within You

(C) Key to Health

(D) Hind Swaraj

**41.** What was a 'Sin against man and God' according to Gandhiji ?

(A) Alcoholism

(B) Untouchability

(C) Illiteracy

(D) Poverty

**32.** गान्धीजी के सबसे छोटे बेटे का क्या नाम है ?

(A) हरिलाल

(B) रामदास

(C) मणीलाल

(D) देवदास

**33.** सेठ अब्दुल्ला और सेठ तैयबजी सेठ के मुकदमे को गान्धीजी ने किस प्रकार से सुलझाया ?

(A) सेठ अब्दुल्ला सेठ के पक्ष में फैसला

(B) सेठ तैयबजी के पक्ष में फैसला

(C) दोनों पक्षों में समझौता

(D) दोनों की एक साल की सजा

**34.** कोचरब में गान्धीजी ने कब आश्रम स्थापित किया था ?

(A) 1914

(B) 1915

(C) 1916

(D) 1917

**35.** 1920में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नागपुर अधिवेशन में किसने महात्मा गांधी को मिस्टर गान्धी कहकर सम्बोधित किया, जिसको श्रोतागणने चुप करा दिया ?

(A) एम.ए. जिन्ना

(B) एस.सी. बोस

(C) जवाहरलाल नेहरु

(D) जे.बी. कृपालानी

**36.** 9 जनवरी 1920 को अहमदाबाद में डिसआर्डर इन्क्वायरी कमेटी की अध्यक्षता किसने की ?

(A) लार्ड-हन्टर

(B) लार्ड-इरविन

(C) लार्ड-कर्जन

(D) सर-चीमनलाल

**37.** लन्दन में दूसरी गोलमेज कान्फ्रेंस में भाग लेने के लिए गान्धीजी के साथ कौन नहीं गया था ?

(A) सरोजिनी नायडू

(B) मीरा बहन

(C) महादेव देसाई

(D) सरदार पटेल

**38.** सुभाष चन्द्र बोस के खिलाफ 1939 में अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव के लिये पहले किस के नाम का प्रस्ताव सुझाव दिया गया था ?

(A) मौलाना आजाद

(B) पट्टाभी सीता रमैय्या

(C) जवाहरलाल नेहरु

(D) सरदार पटेल

**39.** देश के विभाजन के समय किस ने गान्धीजी को ‘एक व्यक्ति सेना’ संबोधित किया ?

(A) लार्ड माउंट बैटन

(B) लार्ड - वेवल

(C) लार्ड - वेलिंगटन

(D) रैमसे मैक्डोनाल्ड

**40.** गान्धीजी किस पुस्तक से बहुत प्रभावित थे, जिसका उन्होंने गुजराती में अनुवाद किया तथा उसका शीर्षक सर्वोदय रखा –

(A) अनटु धिस लास्ट

(B) किंगडम आफ गौड इज विदइन यु

(C) की टु हैल्थ

(D) हिन्द स्वराज

**41.** गान्धीजी के अनुसार व्यक्ति एवम् भगवान के विरुद्ध ‘पाप’ क्या है ?

(A) नशा

(B) अस्पृश्यता

(C) अनपढता

(D) गरीबी

**42.** When was this said : "Generations to come will scarce believe that such as one as this ever in flesh and blood walked upon this earth" ?

(A) Tribute to Gandhiji on his martyrdom

(B) Birthday Greetings

(C) Congress Session

(D) Independent Day

**43.** What did Gandhiji broadly mean by Ramrajya ?

(A) Replacement of British Rule

(B) Sovereignty of the people based on pure moral authority

(C) Rule of Rama, the Son of Dashrath

(D) Rule of Majority

**44.** Economic Equality means

(A) Each according to his needs – unto each according to his capacity

(B) Luxurious life

(C) Globalisation

(D) Mechanisation

**45.** Gandhiji was of the opinion

(A) Non-violence is the weapon of the brave

(B) Weak person cannot be non-violent

(C) Non-violence at every cost is desirable

(D) Non-violence is not a highest virtue

**46.** Gandhiji was of the opinion

(A) Rights are superior to duties

(B) All means must be adopted to achieve the rights

(C) Duties are not very important

(D) Performance of duties actually leads to fulfilment of Rights

**47.** Who said, "If ever there was a planner without elaborate blue prints, Gandhi was one ?

(A) Buddhadeva Bhattacharya

(B) N.K. Bose

(C) J.B. Kripalani

(D) Raghvan N. Iyer

**48.** Who is the author of "War Without Violence" ?

(A) Pyare Lal

(B) Mahadev Desai

(C) K.L. Shridharni

(D) K.S. Bharathi

**49.** Pacifism emphasises –

(A) Refusal to participate in war

(B) Promotion of Pacific Ocean

(C) The Philosophy of Non-violent Resistance

(D) The Philosophy of tit for tat

**50.** War is the continuation of State policy by other means was said by

(A) Nelson Mandela

(B) M.K. Gandhi

(C) Carlvon Clausevitz

(D) Martin Luther King (Junior)

**42.** यह कब कहा गया : आनेवाली संतानें मुश्किल से विश्वास करेंगी कि एक हाड़मास का बना व्यक्ति कभी इस पृथ्वी पर चला होगा ?

(A) गान्धीजी की शहादत

(B) जन्मदिन की बधाई

(C) कांग्रेस के अधिवेशन

(D) स्वतन्त्रता दिवस

**43.** राम राज्य से गान्धीजी का क्या अभिप्राय था ?

(A) अंग्रेजी राज को बदलना

(B) नैतिकता पर आधारित लोगों की प्रभुसत्ता

(C) दशरथ के बेटे राम का राज्य

(D) बहुमत का शासन

**44.** आर्थिक समानता का अर्थ है –

(A) अपनी योग्यता के अनुसार काम और आवश्यकता के अनुसार दाम

(B) विलासपूर्ण जीवन

(C) वैश्वीकरण

(D) यन्त्रीकरण

**45.** गान्धीजी का विचार था –

(A) अहिंसा शक्तिशाली लोगों का हथियार है ।

(B) कमजोर पुरुष अहिंसात्मक नहीं हो सकते ।

(C) किसी भी कीमत पर अहिंसा रहनी चाहिए ।

(D) अहिंसा उच्चतम गुण नहीं है ।

**46.** गान्धीजी का मत था –

(A) अधिकार, कर्तव्यों से बेहतर है ।

(B) अधिकारों की प्राप्ति के लिये सभी प्रकार के साधनों को अपनाया जाना चाहिये ।

(C) कर्तव्य अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं होते ।

(D) कर्तव्यों का पालना ही वास्तव में अधिकारों की प्राप्ति का रास्ता प्रशस्त करता है ।

**47.** किस ने कहा है, "अगर कोई बिना रूपरेखा के योजनाकार हो सकता था तो वे गान्धीजी थे" ?

(A) बुद्धदेव भट्टाचार्य

(B) एन.के. बोस

(C) जे. बी. कृपलानी

(D) राघवन एन. अय्यर

**48.** 'वार वीदआउट वायलेंस' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे ?

(A) प्यारेलाल

(B) महादेव देसाई

(C) के. एल. श्रीधराणी

(D) के. एस. भारती

**49.** शान्तिवाद जिस पर बल देता है ।

(A) युद्ध में हिस्सा लेने से इन्कार पर

(B) पैसिफिक सागर के उत्थान पर

(C) अहिंसक साधनों से अवरोध के दर्शन पर

(D) 'जैसे का तैसा' के सिद्धान्त पर

**50.** "युद्ध की निरंतरता, राज्य द्वारा अलग तरह के साधनों के अपनाए जाने की नीति है ।" यह कथन किसका है ?

(A) नेलसन मण्डेला

(B) एम.के. गान्धी

(C) कार्लवान क्लाजविट्ज

(D) मार्टिन लूथर किंग (जूनियर)

**Space For Rough Work**